दैनिक भास्कर
इंदौर • रविवार. 10 अगस्त, 2014. 6

पीआरटीएस की जांच में खुलासा

बड़े संस्थानों की वेबसाइट असुरक्षित

शुरू किया 'चुनौती' अभियान, एक्सपर्ट्स बताएंगे कैसे सुरक्षित रखें वेबसाइट

भास्कर संवाददाता. इंदौर

शहर के कई बड़े संस्थानों की वेबसाइट असुरक्षित है। कोई भी इसे आसानी के हैक कर सकता है। यह खुलासा हाल ही में पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) द्वारा कुछ संस्थानों की वेबसाइट की जांच में हुआ है। यह जांच विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों को उनकी वेबसाइट के प्रति जागरूक बनाने के लिए सतर्कता के तौर पर की गई। इन्हीं खामियों को देखते हुए पीआरटीएस ने इसके लिए एक अभियान 'चुनौती' भी शुरू किया है, जिसमें कोई भी संस्थान अपनी वेबसाइट की सुरक्षा की जांच निःशुल्क करवा सकता है।

पीआरटीएस के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने बताया कि अब सभी चीजें ऑनलाइन होती जा रही हैं। हर संस्थान अपनी वेबसाइट बना रहा है। ये दो तरह की होती हैं, पहली स्टेटिक साइट जहां संस्थान सिर्फ अपने बारे में जानकारियां देते हैं। वहीं दूसरी साइट डायनेमिक होती है, जहां से संस्थान का आंतरिक और बाह्य माध्यमों से जानकारियों का आदान-प्रदान भी किया जाता है। डायनेमिक साइट के असुरक्षित होने पर खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि कोई भी इसे हैक करके संस्थान की गोपनीय जानकारियां हासिल कर सकता है। इसके साथ छेड़छाड़ भी कर सकता है, जिससे सामाजिक और आर्थिक नुकसान हो सकता है।

उन्होंने बताया कि इन बातों को लेकर लोग ज्यादा जागरूक नहीं है, इसलिए पीआरटीएस ने 'चुनौती' अभियान शुरू किया है। इसमें कोई भी संस्थान पीआरटीएस में आकर हमारे एक्सपर्ट्स की टीम से अपनी वेबसाइट की निःशुल्क जांच करवा सकता है। अगर यह असुरक्षित पाई जाती है तो इसे सुरक्षित बनाने के मौजूदा उपाय भी बताए जाएंगे।

जांच में मिले चौंकाने वाले परिणाम

आईजी कपूर ने बताया कि जब इस अभियान की योजना बनाई गई तो सबसे पहले देखा गया कि इंदौर के प्रमुख संस्थानों की साइट कितनी सुरक्षित है। इसके परिणाम चौंकाने वाले थे। अधिकांश बड़े और प्रतिष्ठित संस्थानों की वेबसाइट असुरक्षित निकली। इसमें एक नामी मेडिकल कॉलेज, दो बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियां, एक प्रतिष्ठित क्लब, एक ख्यात स्कूल सहित अन्य निजी व शासकीय संस्थाओं की वेबसाइट शामिल थी।